जबकि नर्सरी स्कूलों के शिक्षकों के वेतनमान आज भी वही हैं ;

(ग) यदि हां, तो इसके भेदभाव के क्या कारण हैं ;

(घ) क्या सरकार का विचार नर्सरी शिक्षकों के वेतनमानों में पुनरीक्षण करने का है जिससे कि असंगति दूर हो सके ; और

(ङ) यदि हां, तो कब से, और यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी हां।

(ख) जी हां, (किन्तु, ये 22-12-67 से नहीं 21-12-67 से हैं।)

(ग) से (ङ). प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों के वेतन-मान परिशोधित होने के बाद, नई दिल्ली नगरपालिका ने, नर्सरी स्कूलों के अध्यापकों के लिए अपनाये जाने वाले परिशोधित वेतन-मानों के बारे में दिल्ली प्रशासन से बातचीत की। मामला, दिल्ली प्रशासन के विचाराधीन है।

1969-70 में दिल्ली परिवहन के लाभ हानि का ब्योरा

5322. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या पोतपरिवहन तथा परिवहन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वित्तीय वर्ष 1969-70 में दिल्ली परिवहन के लाभ-हानि का ब्योरा क्या है ; और

(ख) जनता की सुविधा के लिए इस समय दिल्ली परिवहन के अन्तर्गत कितनी गैर-सरकारी बसें चलाई जा रही हैं ?

पोतपरिवहन तथा परिवहन मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) अपेक्षित विवरण निम्न प्रकार हैं :—

कुल आय 800.16 लाख रुपये

कुल व्यय 1033.41 लाख रुपये

निवल हानि 233.25 लाख रुपये

(ख) आजकल लगभग 300 गैर-सरकारी बसें दिल्ली परिवहन उपक्रम के परिचालन के अन्तर्गत चल रही हैं।

हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में छोटे जहाजों के निर्माण के लिए योजना

5323. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या पोतपरिवहन तथा परिवहन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में छोटे जहाजों के निर्माण के लिए एक योजना सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना कब तक क्रियान्वित की जायेगी ; और

(ग) उक्त योजना की क्रियान्विती के पश्चात् उक्त उपक्रम में प्रति वर्ष कितने जहाजों का निर्माण किया जायेगा ?

पोतपरिवहन तथा परिवहन मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते।

Staff Quarters for Polytechnics and I.T.I. Delhi

5324. SHRI RAM SWARUP VIDYARTHI : Will the Minister of EDUCATION AND YOUTH SERVICES be pleased to state:

(a) the number of staff quarters constructed for the teachers serving in the Polytechnics and the I.T.I.'s in Delhi and whether this number is sufficient for the staff if not, whether Government propose to construct some more quarters ;

(b) the criteria being followed in the allotment of these quarters to the staff; and

(c) whether seniority of the applicants is one of the criteria for allotment of quarters, if not, the reasons therefor ?